>

Title: Need to make the canals cemented in Hoshangabad district in Madhya Pradesh.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): सभापति जी, मैं शून्यकाल में बोलने का अवसर दिये जाने के लिए आपके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। मैं मध्य प्रदेश की बृहत् सिंचाई परियोजना तवा परियोजना के बारे में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। उक्त तवा परियोजना मेरे संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद में स्थित है। इस सिंचाई परियोजना को पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने स्वीकृत कर बनवाया था। 35 वर्ष पूर्व नहरों का सीमैन्टीकरण न होने के कारण वे कई जगह से टूटने लगी हैं जिससे पानी का रिसाव होता है, साथ ही फसलों का भी नुकसान होने लगा है। अगर निकट भविष्य में नहरों की लाइनिंग का काम चालू नहीं किया गया तो मध्य प्रदेश की इस बहुत बड़ी सिंचाई परियोजना को समाप्त होने से नहीं बचाया जा सकता। चूँकि केन्द्र और प्रदेशों में अलग-अलग सरकारें हैं, इसलिए मत-भिन्नता के कारण यह महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना समय से पहले दम तोड़ रही है।

मेरा माननीय सभापति महोदय के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि स्वर्गीय श्रीमती गांधी जी की इस धरोहर को ज़िन्दा रखने के लिए क्षेत्र के मज़दूरों और किसानों की खुशहाली बनाए रखने के लिए नहरों का सीमैन्टीकरण किया जाना नितांत ज़रूरी है। देश में पंजाब और हरियाणा के बाद अगर कोई क्षेत्र सर्वाधिक गेहूँ उत्पादन करता है तो वह होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र है जहाँ गेहूँ का भरपूर उत्पादन होता है। यहाँ का किसान बहुत ही स्वाभिमानी और मेहनती है। नहरों के कच्चा होने के कारण पानी आखिरी छोर तक नहीं पहुँच पाता जिससे फसलों की क्षति होती है और उत्पादन भी प्रभावित होता है। आपसे अनुरोध है कि केन्द्र की सरकार इस महत्वपूर्ण परियोजना को अपने अधीन लेकर किसानों को इस गंभीर समस्या से मुक्ति दिलाए और एक नयी सौगात हमारे क्षेत्र को नहरों की लाइनिंग के रूप में मिले, ऐसी अपेक्षा है।